लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में

लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में,
मेरा जी ना लगे अब वापिस आने में,
लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में.....

बरसाने की टेढ़ी-मेढ़ी गलीअन में,
लाडली श्यामा जू भटका ना देना इन गलियां में,
लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में.....

बरसाने की ऊंची हवेली में,
लाडली श्यामा जू नौकर बना लो इन महलों में,
लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में.....

बरसाने के यू गह बरबन में,
लाडली श्यामा जू मोर बना लो बरसाने में,
लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में.....

बरसाने के ताल तलैया में,
लाडली श्यामा जू मछली बना लो इन तालों में,
लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में.....

बरसाने के रूखे सूखे जंगलों में,
लाडली श्यामा जू झाड़ी बना लो बरसाने में,
लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में.....

बरसाने की प्यारी-प्यारी बगियन में,
लाडली श्यामा जू फुलवा बना लो इन बगियन में,
लाडली श्यामा जू रख लो मुझे भी बरसाने में.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/31891/title/ladli-shyama-ju-rakh-lo-mujhe-bhi-barsane-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |